# वार्षिक पाठ्यक्रम
# कक्षा-VI (2025-2026)
# विषय : गणित

| अध्याय का नाम | विषयवस्तु | अधिगम प्रतिफल | प्रस्तावित गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|
| **अध्याय -1**<br>**गणित में पैटर्न** | संख्याओं में पैटर्न, संख्या अनुक्रमों का दृशयांकन, संख्या अनुक्रमों के बीच संबंध, आकारों में पैटर्न, संख्या अनुक्रमों से संबंध<br><br>(कार्यपत्रक संख्या 4 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• संख्या अनुक्रमों को वर्ग संख्या, त्रिकोणीय संख्या, घन संख्या आदि के रूप में विभाजित कर सकेंगे ।<br>• संख्या अनुक्रमों के बीच संबंध को पहचान सकेंगे ।<br>• आकार अनुक्रमों में पैटर्न पहचान सकेंगे और इसे संख्या अनुक्रम से संबंध स्थापित कर सकेंगे । | • त्रिकोणीय संख्या, घन संख्या व वर्ग संख्या में पैटर्न का अवलोकन कीजिए।<br>• कैलंडर को देखिए और उसमें संख्याओं में विभिन्न अनुक्रमों को ढूंढिए । |
| **अध्याय -2**<br>**रेखाएँ और कोण** | बिंदु, रेखाखंड, रेखा, किरण, कोण, कोणों की तुलना, घूर्णन भुजाएँ बनाना, विशेष प्रकार के कोण, कोणों को मापना, कोणों को बनाना, कोणों के प्रकार और उनके माप<br><br>(कार्यपत्रक संख्या 12,13,24,26,29,30,34 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• बिंदु, रेखाखंड, रेखा और किरण के बीच अंतर कर सकेंगे ।<br>• विभिन्न प्रकार के कोण माप कर उनके भागों को नामांकित कर सकेंगे ।<br>• कोणों को न्यून, अधिक, प्रतिवर्ती, सीधे और पूर्ण के रूप में वर्गीकृत और चित्रित कर सकेंगे। | • दैनिक जीवन से बिंदु, किरण, रेखा, रेखाखंड जैसी ज्यामितीय आकृतियों की पहचान कीजिए ।<br>• सूर्य एवं मोमबत्ती के प्रकाश पर आधारित चर्चा।<br>• अपने आस-पास विभिन्न प्रकार के कोणों की पहचान करना और उनकी तुलना करना |
| **अध्याय -3**<br>**संख्याओं का खेल** | संख्याएँ हमें कुछ बता सकती हैं, महाकोष्ठ (सुपरसेल), संख्या रेखा पर संख्याओं के पैटर्न, अंकों के साथ खेल, आकर्षक विलोमाक्षर पैटर्न (Palindromic pattern), कापरेकर की जादुई संख्या, घड़ी और कैलेंडर की संख्याएँ, | विद्यार्थी:<br>• संख्या रेखा पर संख्याओं को अंकित कर सकेंगे ।<br>• पैलिंड्रोमिक संख्याओं की पहचान और | • जाँचिए कि आपका जन्म वर्ष या आपके पिता/माता का मोबाइल नंबर विलोमाक्षर संख्या (पैलिंड्रोम) है या नहीं। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मानसिक गणित, संख्या पैटर्न के साथ खेलना, कोलाट्ज अनुमान, सरल आकलन, खेल और जीतने की युक्तियाँ कार्यपत्रक संख्या (8,12,13,35 का उपयोग करें) | निर्माण कर सकेंगे ।<br>• आसपास की संख्याओं में रणनीति निर्धारित कर सकेंगे । | • 3-अंकों की संख्याओं के लिए कापरेकर स्थिरांक खोजें। |
| **अध्याय -4**<br><br>**आँकड़ों का प्रबंधन और प्रस्तुतिकरण** | आँकड़ों का संग्रहण और संगठन , चित्रालेख, दंड आलेख , दंड आलेख खींचना, कलात्मक और सौंदर्यात्मक विचार<br><br>( कार्यपत्रक संख्या 1,44 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• आँकड़े एकत्र और व्यवस्थित कर सकेंगे।<br>• चित्रालेख और दंड आलेख के बीच अंतर कर सकेंगे और उन्हें बना सकेंगे ।<br>• कल्पना का उपयोग करके दी गई जानकारी को सौंदर्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर सकेंगे । | • अपने सहपाठियों के पसंदीदा रंग/फल/मिठाई/खेल आदि के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए ।<br>• राष्ट्रमंडल खेलों, ओलंपिक, एशियन खेल आदि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारत द्वारा जीते गए पदकों की तालिका तैयार कीजिए ।<br>• विभिन्न मौसमों में भारत का तापमान रिकार्ड कीजिए । |
| **अध्याय -5**<br><br>**अभाज्य समय** | सार्व गुणज और सार्व गुणनखंड, अभाज्य संख्याएँ, खजाने को सुरक्षित रखने के लिए सह-अभाज्य संख्याएँ, अभाज्य गुणनखंडन , संख्याओं की विभाज्यता की जांच, संख्याओं के साथ मनोरंजन<br><br>( कार्यपत्रक संख्या 2 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• सार्व गुणनखंड और सार्व गुणज ज्ञात कर सकेंगे ।<br>• भाज्य एवं अभाज्य संख्याओं में अंतर कर सकेंगे ।<br>• संख्याओं को उनके अभाज्य गुणनखंडन के रूप में व्यक्त कर सकेंगे ।<br>• दी गई संख्या की 2,4,5,8,10 से विभाज्यता की जाँच कर सकेंगे । | • एराटोस्थनीज की छलनी तैयार कीजिए ।<br>❖ सार्व गुणनखंड और सार्व गुणज<br>❖ सम और विषम संख्याएँ<br>❖ अभाज्य और भाज्य संख्याएँ पर आधारित पहेलियाँ<br><br>• कैलेंडर गतिविधि आदि |

- **मध्यावधि परीक्षा के लिए उपरोक्त विषयवस्तु को 06 सितंबर, 2025 तक पूरा कीजिए।**
- **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**
- **मध्यावधि परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम दोहराना ।**

## मध्यावधि परीक्षा

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्याय- 6** | परिमाप, क्षेत्रफल, त्रिभुज का क्षेत्रफल | विद्यार्थी:<br>• क्षेत्रफल और परिमाप के बीच अंतर कर | • पुस्तक के अंत में दी गई ग्रिड में अलग माप परंतु समान क्षेत्रफल के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **परिमाप और क्षेत्रफल** | ( कार्यपत्रक संख्या 31 का उपयोग करें) | सकेंगे।<br>• वर्ग एवं आयत के परिमाप और क्षेत्रफल को सूत्रबद्ध कर सकेंगे।<br>• क्षेत्रफल और परिमाप से जुड़ी दैनिक स्थितियों में अवधारणा को लागू कर सकेंगे। | आयत बनाइए।<br>• अपनी ज्योमेट्री बॉक्स और नोटबुक का परिमाप एवं क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।<br>• वर्ग सेमी में क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए ग्राफ पेपर का उपयोग । |
| **अध्याय - 7**<br><br>**भिन्न** | भिन्नात्मक इकाइयाँ और समान भाग, सम्पूर्ण के हिस्सों के रूप में भिन्नात्मक इकाइयाँ, भिन्नात्मक इकाइयों द्वारा मापना, संख्या रेखा पर भिन्नों की माप अंकित करना, मिश्रित भिन्न, तुल्य भिन्न, भिन्नों की तुलना, भिन्नों को जोड़ना और घटाना, एक चुटकी इतिहास<br><br>(कार्यपत्रक संख्या 18,19,20,21,22,23 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• किसी संपूर्ण की भिन्नात्मक इकाइयों का उपयोग करके संपूर्ण को माप सकेंगे।<br>• भिन्न को संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे और दिए गए भाग को भिन्न के रूप में छायांकित कर सकेंगे।<br>• भिन्नों की तुलना, योग और घटा सकेंगे और भिन्नों से जुड़ी दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे ।<br>• मिश्रित और समतुल्य भिन्नों के बीच अंतर कर सकेंगे। | • कक्षा को भागों में बाँटिए और भिन्न लिखिए ।<br>• पुस्तक के अंत में दी गई कागज़ मोड़ने की गतिविधियाँ। |
| **अध्याय -8**<br><br>**रचनाओं के साथ खेलना** | कलाकृति, वर्ग और आयत, वर्ग और आयत की रचना, आयतों में एक खोज, आयतों और वर्गों के विकर्णों की खोज करना, दो दिए गए बिंदुओं से समदूरस्थ बिंदु<br><br>( कार्यपत्रक संख्या 4, 5 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• वर्ग और आयतों को आपस में जोड़ना<br>• परकार और चांदे का उपयोग करके वर्ग, आयत और वृत्त बना सकेंगे।<br>• विभिन्न आकृतियों का उपयोग करके अलग-अलग आकृतियाँ बना सकेंगे। | • आयत, वर्ग और वृत्त का उपयोग करके कोई भी आकृति बनाएँ।<br>• धागे की सहायता से परिधि ज्ञात करना । |
| **अध्याय -9**<br><br>**सममिति** | सममिति की रेखा, कागज को मोड़ना और काटना, घूर्णन सममिति, वृत्त की सममितियाँ<br><br>( कार्यपत्रक संख्या 33 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• सममित आकृतियों को परिभाषित कर सकेंगे।<br>• अपने आस-पास की आकृतियों में सममित | • समरूपता के विचार पर बातचीत: कलाकार, पेशेवर, कपड़े या आभूषण के डिजाइनर.....<br>• कागज़ मोड़ कर और वेध(छेद) कर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | रेखा/रेखाओं की पहचान कर सकेंगे।<br>• सममित रेखा और घूर्णन सममिति के बीच अंतर कर सकेंगे।<br>• घूर्णन सममिति वाली किसी भी आकृति का सममिति कोण और घूर्णन कोण ज्ञात कर सकेंगे। । | समरूपता दर्शाने की गतिविधियाँ<br>• दर्पण रेखा से चित्र की नकल करना<br>• वास्तविक जीवन से घूर्णन समरूपता के उदाहरण |
| **अध्याय- 10**<br><br>**शून्य के दूसरी ओर - पूर्णांक** | बेला की मजेदार इमारत, टोकन मॉडल, अन्य स्थानों पर पूर्णांक, पूर्णांकों के साथ अन्वेषण, एक चुटकी इतिहास<br><br>(कार्यपत्रक संख्या 14,15,16,17 का उपयोग करें) | विद्यार्थी:<br>• दैनिक जीवन में धनात्मक और ऋणात्मक पूर्णांकों की पहचान कर उनकी तुलना कर सकेंगे।<br>• पूर्णांकों को संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे।<br>• पूर्णांकों को जोड़ एवं घटा सकेंगे । | • सीढ़ियों की सहायता से पूर्णांक प्रदर्शित कीजिए ।<br>• गर्मियों और सर्दियों में लद्दाख और दिल्ली का तापमान ज्ञात कर इनकी तुलना कीजिए । |

- **वार्षिक परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम 31 जनवरी, 2026 तक पूरा करना है ।**
- **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**
- **वार्षिक परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम को दोहराना ।**

# वार्षिक परीक्षा 2026

**नोट: उपरोक्त पाठ्यक्रम केवल मूल्यांकन के उद्देश्य से है। इसके अतिरिक्त कोई विषय/अध्याय Subject Learning Enrichment के रूप में पढ़ाया जा सकता है ।**